तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

14 बेलोदी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई गई

13 श्री शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस में शिवलिंग ...




## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं.
सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.
वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्धकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

बचाव दल ने विषम परिस्थिति से निपटने ग्रामीणों, छात्रों को बताया कारगर तरीका

# बाढ़ आपदा से निपटने के लिए तांदुला जलाशय में मॉकड्रिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बालोद द्वारा सिवनी स्थित तांदुला जलाशय एवं गंगा मैया मंदिर के सामने नहर पर एक प्रभावी मॉक ड्रिल किया गया।

इस दौरान स्थानीय लोगों एवं रेडक्रॉस के बच्चों को बाढ़ की स्थिति में अपनी और दूसरों की जान बचाने के महत्वपूर्ण उपायों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बचाव दल के द्वारा मॉक ड्रिल के दौरान उपस्थित लोगों, स्कूली बच्चों को सीमित संसाधनों का उपयोग करके बाढ़ के पानी में सुरक्षित रहने और बचाव करने के कई सरल और कारगर तरीके सिखाए गए। इस दौरान बचाव दल द्वारा पुराने पीपे



और खाली प्लास्टिक बोतलों को जोड़कर अस्थायी तैरने वाले उपकरण (फ्लोटिंग डिवाइस) बनाने और उनका उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई।

इसी तरह जलाशयों में लाइफ जैकेट को सही तरीके से पहनने और उसका इस्तेमाल करने का प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान मॉक ड्रिल का मुख्य आकर्षण तांदुला जलाशय में बाढ़ के पानी में फंसे हुए मछुवारों एवं किसानों को बेहोशी की हालत में निकालने का मॉक प्रदर्शन रहा, जिसमें बचाव दल ने पूरी तत्परता के साथ पीड़ितों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद, बचाव दल के सदस्यों ने बेहोश लोगों को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दिया और उनका प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक उपचार के पश्चात पीड़ितों को इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल रिफर करने का सफल अभ्यास किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य बाढ़ आपदा की स्थिति में अपने आप को और दूसरों को बचाने के प्रयास में किए जाने वाले उपायों के संबंध में जानकारी प्रदान करना है। इस दौरान अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, नूतन कंवर, अजय किशोर लकरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, आपदा प्रबंधन की टीम, छात्र–छात्राओं के अलावा आम नागरिक उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक गंभीर, मामला दर्ज

बालोद। ग्राम साल्हे निवासी कुंजीलाल साहू अपनी बेटी को देखने के लिए 22 सितंबर को सुबह 5:30 बजे मोटरसाइकिल से ग्राम बघमरा जा रहे थे। रास्ते में ग्राम दानीटोला घाट के पास किसी अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से उनका वाहन ठोकर मार दिया। घटना के बाद कुंजीलाल साहू सड़क किनारे घायल पाए गए। घटना की सूचना उनके भाई महाबल साहू ने पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए) और 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। घायल कुंजीलाल साहू को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल बालोद ले जाया गया, जहां गंभीर चोटों के कारण उन्हें राजनांदगांव और फिर अग्रवाल प्राइवेट अस्पताल रायपुर रेफर किया गया। सिर, दाहिने हाथ और घुटने में गंभीर चोटें लगी हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भवन निर्माण सामग्री के नाम पर 77.50 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम धानापुरी निवासी लेखराम सिन्हा ने पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई कि हिमालया एग्रो कंपनी के मालिक राणा ने सस्ते दामों में भवन निर्माण सामग्री देने का वादा कर उनसे 77.50 लाख रुपये हड़प लिए, लेकिन फर्जी बिल काटकर सामग्री नहीं दी।

पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। लेखराम ने बताया कि जनवरी 2025 में भानुप्रतापपुर में एलआईजी आवास निर्माण के लिए सरिया और सीमेंट की आवश्यकता थी। राणा ने खुद को बड़े ठेकेदारों का सप्लायर बताकर झांसा दिया और सस्ते दामों में सामग्री देने का वादा किया। इसके बाद लेखराम अपने बेटे और परिचितों के साथ राणा के कार्यालय गए और 130 टन सरिया तथा 300 टन सीमेंट की डिलीवरी का सौदा किया। लेखराम ने 05 और 13 जनवरी तथा 28 फरवरी 2025 को कुल 77.50 लाख रुपये राणा को भुगतान किए। बावजूद इसके राणा ने सामग्री नहीं दी और फर्जी बिल बनाकर धोखाधड़ी की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना ठेकेदारी और निर्माण सामग्री के लेनदेन में धोखाधड़ी की गंभीर घटना के रूप में सामने आई है, जिससे पीड़ित को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444



## खबर संक्षेप



### नेवारीकला में हुआ बोर खनन

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला के वार्ड 5 में जनपद सदस्य निर्मला बंजारे की अनुशंसा से बोर खनन हुआ। इसमें युवा कांग्रेस के प्रशासनिक महामंत्री आदित्य दुबे, पंच, सरपंच एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। ग्राम में गर्मी के दिनों में वार्ड क्रमांक 5 के ग्रामीणों को पानी की दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, जिसके कारण लगातार ग्रामीणों द्वारा बोर खनन की मांग की जा रही थी, लेकिन अब बोर खनन होने से ग्रामीणों को पानी की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### चित्रंशू साहू को राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कार से मंत्री टंकराम ने किए सम्मानित



**गुरूर।** गुरुर नगर के निवासी चित्रंशू साहू पिता कामता प्रसाद साहू का राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार 2025 के लिए स्वयं सेवक स्तर के लिए हुआ है। जिन्हें 24 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के कर कमलों से सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि पूरे बालोद जिले से केवल एक ही चित्रंशु साहू का चयन हुआ है, उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, मतदाता जागरूकता, स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेकर लगातार अलग–अलग ग्रामों एन एस एस में पहुंच कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। जिसकी कार्य कुशलता के चलते प्रदेश स्तरीय सम्मान किया गया है और इस उपलब्धि पर उनके दादा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष टीकाराम साहू, पिता कामता प्रसाद साहू, माता कुमारी साहू एवं नगर वासियों शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित किसानों की बढ़ी चिंता

**डौंडीलोहारा।** मंगलवार रात से बालोद क्षेत्र में लगातार झमाझम बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार, पूरे छत्तीसगढ़ में मानसूनी बादल सक्रिय हैं और अधिकांश क्षेत्रों में जोरदार वर्षा हो रही है। भारी बारिश से खेतों में पानी भर गया है और खासकर हरूना किस्म की धान की फसलें गिर रही हैं, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता पर असर पड़ने की आशंका है। आम नागरिकों को उमस और गर्मी से राहत मिली, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई है। कृषि विशेषज्ञों ने कहा कि लंबी अवधि तक बारिश जारी रहने से फसल को नुकसान हो सकता है। प्रशासन ने किसानों को सतर्क रहने और जलभराव से फसल बचाने के उपाय करने की सलाह दी है।

### प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना की नई गाइडलाइन जारी

**बालोद।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत खनिज प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए नई गाइडलाइन जारी की है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 12 सितंबर 2025 को अधिसूचना जारी कर इसका विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। प्रभावित क्षेत्रों की नई पहचान नई गाइडलाइन, जिसे प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना 2024 के रूप में जाना जाएगा, के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों की पहचान के मापदंडों में बदलाव किया गया है। खनन क्षेत्र से 15 किमी के दायरे तक सीमित रहेगा। खदानों की सीमा से 25 किमी के दायरे तक सीमित रहेगा। जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के उपयोग के प्रतिशत में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। नई गाइडलाइन में जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की संरचना भी बदली गई है। परिषद में अब जिला कलेक्टर के अतिरिक्त क्षेत्रीय सांसद, राज्यसभा सदस्य और विधायकगणों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। न्यास की बैठक वर्ष में कम से कम दो बार आयोजित करना अब अनिवार्य कर दिया गया है।

---

**जयंती : ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के त्याग को याद किया**

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में भाजपा मंडल रेगाडबरी के ग्राम मंगचुवा के बूथ क्रमांक 43 में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के जयकारों से की। उन्होंने उपस्थित जनों को उपाध्याय जी के जीवन एवं उनकी विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित जी का संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनके एकात्म मानव दर्शन का मूल उद्देश्य था कि तन, मन, बुद्धि और आत्मा का संतुलित विकास हो। यही कारण है कि भाजपा की सभी योजनाएँ आज भी अंत्योदय की भावना पर आधारित हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जीवनी का वाचन भी किया, जिससे ग्रामीणों को उनके विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जयंती मनाकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस आयोजन में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से महामंत्री पूनमचंद जैन, कोषाध्यक्ष उत्तरा कुमार पिस्दा, उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह गोरे, कवल राम साहू, चैन सिंह रावटे, बिरसिंग कुमार घरेन्द्र, बाबूलाल भुआर्य, डॉ. दुलाल विश्वास, श्यामलाल कोर्टिया, आशाराम कोलियारे, थानुराम लटिया, गोदावरी नायक, कल्याणी टांडेकर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के आदर्शों को आत्मसात करने और सेवा भाव से समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के संकल्प के साथ किया गया।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन



**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा स्रोत पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती 25 सितम्बर के अवसर पर सम्पूर्ण भारत वर्ष में राष्ट्रीय संगठन के आह्वान पर प्रदेश, जिला, मंडल से लेकर बूथ स्तर तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी तारतम्य में डौंडी लोहारा भाजपा मंडल द्वारा स्थानीय नया बस स्टैंड स्थित पं. दीनदयाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

■ अन्त्योदय हर कार्यकर्ता का परम लक्ष्य – देवेन्द्र जायसवाल

संगोष्ठी के मुख्यवक्ता राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल रहे। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके एकात्म मानव दर्शन की विस्तारपूर्वक व्याख्या की। उन्होंने कहा कि मानव जीवन चार प्रकार के सुखों से परिपूर्ण होना चाहिए – तन का सुख, मन का सुख, बुद्धि का सुख और आत्मा का सुख। इन चारों का समुच्चय ही एकात्म मानव दर्शन है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि तन का सुख भौतिक सुविधाओं से, मन का सुख परिवार व मित्रों के साथ रहने से, बुद्धि का सुख परामर्श व विचार साझा करने से तथा आत्मा का सुख सेवा, अध्यात्म और धर्म से प्राप्त होता है। जायसवाल ने बताया कि अन्त्योदय का अर्थ है अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास। भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाएँ इसी विचारधारा पर आधारित हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार गरीबों व वंचितों के कल्याण के लिए सतत कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जिसमें प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री सोमेन्द्र देशमुख, दुष्यंत गिरी, कोषाध्यक्ष मोहन निषाद, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा, धर्मेंद्र निषाद, पलाश गुप्ता, लता गुप्ता, प्रीतम साहू, इकबाल अरोरा, लिलेन्द्र सिन्हा, राजू भंसाली, प्यारे निषाद, धीरज जैन, पार्षद सुभद्रा टांडेकर, शोभा राजपूत, सूर्यकला ठाकुर, बीर सिंह ठाकुर, रेवती कोलियारे, रवि लोढा, धिरेन्द्र टांक, जीवराखन कौमार्य, महेंद्र जायसवाल, गौकरण सिन्हा, हिरेंद्र गायकवाड, प्रभात डोसी, दिलीप बाफना, रजत भंसाली सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### भाजपा सदस्यों ने मनाई उपाध्याय की जयंती

**बालोद।** शक्ति केंद्र मोखा में पूजा-अर्चना कर भाजपा सदस्यों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। इसमें प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र के संयोजक श्यामलाल गजेंद्र, रामस्वरूप सिन्हा, बलराम गजेंद्र, ईश्वर कटेंद्र, युगल किशोर साहू, पंचराम निषाद उप सरपंच गांव के वरिष्ठ जन मातृ शक्ति की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम संपादित हुआ।



### बेलोदी में मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**लाटाबोड़।** सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के तहत 25 सितंबर गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जयंती के अवसर पर बूथ नंबर 278 ग्राम बेलोदी में मनाया गया जिसमें प्रमुख रूप से वीरेंद्र साहू पूर्व विधायक डॉ रोहित साहू जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ बूथ अध्यक्ष प्रेमसुख साहू आशीष साहू मंडल महामंत्री ख़लिानन्द हिरवानी के अलावा गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित थे पं दीनदयाल उपाध्याय जी के बारे मे सम्पूर्ण जानकारी वीरेंद्र साहू ने अपने उदबोधन में दिया गया।

---

## कमरौद में रामधुनी प्रतियोगिता 28 से



**बालोद।** नव प्रगति दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासी कमरौद द्वारा दो दिवसीय सस्वर – रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 28 सितंबर से किया जा रहा है, जिसका समापन 29 सितम्बर को होगा। खिलानंद पटेल ने बताया कि 28 एवं 29 सितम्बर को रामधूनी प्रतियोगिता में लगभग 40 ग्रामीण व शहरी पार्टियां हिस्सा ले रहे हैं।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सिंह निषाद रहेंगे। अध्यक्षता खिलानंद पटेल करेंगे। 29 सितंबर को द्वितीय दिवस एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर रहेंगी। अध्यक्षता खिलानंद पटेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि नीतीश मोंटी यादव, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुंडरदेही अतिथि गण सरपंच सुंदर लाल देवदास, उपसरपंच ललेश्वर साहू, राकेश पटेल, ज्ञानदास गेंन्द्रे, दारा साहू आदि होंगे। 1 अक्टूबर को दशहरा उत्सव में रात्रि में चंपा बसन छत्तीसगढ़ी लोककला नाच पार्टी ग्राम – भकुरॉ कल्लू बंजारी( छुरिया) का कार्यक्रम रखा गया है। नव प्रगति दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष खिलानन्द पटेल उपाध्यक्ष पुरानिक साहू, हीरा सिंह पटेल, दयालू कवर, कोषाध्यक्ष हरिकिशन साहू सचिव डामन कंवर, सदस्य गण टकेश्वर साहू, राजू कवर, ख़िलानंद कवर, हिरेन्द साहू, देव सिंह कुमार पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी कमरौद का सहयोग रहेगा।

---

**ग्रुप में पत्र डालकर खुद को मान लिया था छुट्टी पर**

## मनमानी छुट्टी लेना बोड़रा सचिव को पड़ा महंगा, तबादले की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जनपद क्षेत्र में सचिवों की कथित मनमानी अब जनपद प्रशासन को भी प्रभावित कर रही है, जिसके चलते कई सचिवों पर कार्यवाही की तलवार लटक गई है।

ताज़ा मामला ग्राम पंचायत बोड़रा के सचिव पुलस्तनंदन साहू से जुड़ा है। कुछ दिन पहले उनके पंचायत में अनुपस्थित रहने की खबर प्रकाशित हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार, सचिव पुलस्तनंदन साहू ने अनुपस्थिति वाले दिन अवकाश पर रहने का पत्र जनपद प्रशासन को भेजा था। हालांकि, उन्होंने यह पत्र जनपद के एक ग्रुप में सुबह 10 बजे से पहले ही डाल दिया था, लेकिन इसकी विधिवत सूचना या सहमति सक्षम अधिकारी (जनपद प्रशासन) से नहीं ली थी। यह घटना शिक्षा मंत्री के संभावित दौरे से ठीक एक दिन पहले हुई, जब जनपद प्रशासन तैयारियों में व्यस्त था। सचिव ने न तो ग्राम पंचायत को और न ही जनपद पंचायत को अवकाश की औपचारिक सूचना दी, बल्कि ग्रुप में पत्र डालकर स्वयं को अवकाश पर मान लिया।

### प्रशासन सख्त, तबादले की अनुशंसा

प्रशासन ने सचिव के इस कृत्य को जनपद प्रशासन को अपने तरीके से संचालित करने का प्रयास मानते हुए गंभीरता से लिया है। जनपद प्रशासन ने बोड़रा सचिव को बोड़रा से हटाकर विकासखंड से बाहर स्थानांतरित करने का पत्र जिला प्रशासन को लिखा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत गुरूर, उमेश रात्रे ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि उनके खिलाफ सरपंच और पंचों की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद स्थानांतरण की अनुशंसा भेजी गई है। ग्राम पंचायत के सरपंच और पंच पूर्व में भी सचिव को हटाने के लिए आवेदन दे चुके हैं। सरपंच टिकेश्वरी सिन्हा ने बताया कि सचिव ने पंचायत में 15,000 देने पर अपना स्थानांतरण कराने की बात कही थी, जो उनके कथित घमंड की पराकाष्ठा को दर्शाता है। यह भी बताया जा रहा है कि सचिव ने अपनी ऊंची पकड़ का लाभ लेकर पूर्व की कार्यवाहियों को रोक रखा था।

मामले में तहसील सचिव संघ अध्यक्ष पन्नालाल सिन्हा ने कहा कि सभी सचिवों को अवकाश के लिए निर्धारित नियमों का पालन करना चाहिए।

---

## मां दुर्गा के दिव्य स्वरूप के दर्शन से मिलता है आशीर्वाद व सुख-समृद्धि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

नवयुवक दुर्गोत्सव समिति गांधी चौक परसदा की ओर से आप सभी ग्राम वासियों को दुर्गा पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं। उदय कुमार साहू, दशरथ विश्वकर्मा, ठेलू राम, पीयूष साहू, दुष्यन्त साहू। आज चैत्र नवरात्रि का पांचवां दिन है। पंचमी तिथि को मां दुर्गा के पंचम स्वरूप, मां स्कंदमाता की आराधना की जाती है। भगवान कार्तिकेय की माता होने के कारण उन्हें स्कंदमाता कहा जाता है। माता के यह रूप सिंह पर विराजमान हैं और उनकी चार भुजाएं हैं। उनकी ऊपरी दाहिनी भुजा में बाल स्वरूप कार्तिकेय हैं, जबकि निचली दाहिनी भुजा में वे कमल पुष्प धारण किए हुए हैं। वहीं ऊपरी बाईं भुजा से वे वरद मुद्रा में आशीर्वाद देती हैं और निचली बाईं भुजा में भी कमल पुष्प सुशोभित है। उनके इस दिव्य स्वरूप के दर्शन से मन प्रसन्न हो जाता है। ऐसा माना जाता है कि मां स्कंदमाता की उपासना संतान संबंधी समस्याओं को दूर करने में सहायक होती है। साथ ही उनकी आराधना से बुद्धि और ज्ञान का विकास भी होता है। ऐसे में आप अपने प्रियजनों और करीबियों को ये शुभकामना भेज सकते हैं और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

■ चैत्र नवरात्रि पंचमी पर मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना से प्रसन्न होता है मन

### सार्वजनिक स्थानों का श्रमदान कर किया गया सफाई



**लाटाबोड़।** 25 सितम्बर को ग्राम पंचायत लाटाबोड़ में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत ग्राम के सार्वजनिक जगहों का साफ सफाई श्रमदान कर किया गया। इस दौरान सरपंच तेज प्रकाश मण्डावी जनपद सदस्य भगवती उइके हरिशचंद्र साहू सचिव महेंद्र साहू सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### श्रमदान कर ग्राम की गई साफ सफाई



**डौंडीलोहारा।** समीप ग्राम कसही लो में गुरुवार को ग्रामीण अपने गांव को स्वच्छ रखने के लिए एक घंटा श्रमदान किये, जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक मौजूद थे,उपसरपंच नरेंद्र साहू ने स्वच्छता अभियान में शामिल सभी ग्रामीण को अपने आस पास को साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित किया, इस अवसर पर ग्राम के समस्त स्वच्छाग्राही माता बहनों का भरपूर सहयोग मिला, जिसमें समूह की अध्यक्ष सुकवारो बाई, अनुसुइया बाई, रेणुका साहू, मालती बाई, पुष्पा बाई,जानकी बाई, बिमला देवांगन, मनिता बाई, गणेश्वरी साहू, हेमलता साहू,बेला बाई, यशवंत साहू, योगेश देवांगन,पीयुश साहू,नीलकंठ साहू सहित अनेक ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

## जल संचयन में उत्कृष्ट कार्य के लिए बालोद जिले को मिलेगी 2 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भारत सरकार द्वारा 'जल संचयन जन भागीदारी' (जेएसजेबी 1.0) के तहत जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों के लिए बालोद जिले को 02 करोड़ रूपये का प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जा रहा है।

भारत सरकार द्वारा 'जल संचयन जन भागीदारी' के कार्यों के अंतर्गत पूरे देश में बालोद जिले को बेस्ट परफॉर्मिंग जिले के रूप में प्रथम स्थान होने पर यह प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। उल्लेखनीय है कि जल संचयन एवं जन भागीदारी (जेएसजेबी 1.0) के तहत जोन 02 में शामिल बालोद जिले में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के सतत मार्गदर्शन में समाज के सभी वर्गों के सहभागिता से जल संरक्षण एवं जल संवर्धन हेतु किए गए बेहतरीन कार्यों के फलस्वरूप बालोद जिले को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त होने जा रहा है।

ज्ञातव्य हो कि बालोद जिले में जल संचयन, जन भागीदारी अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 01 लाख 06 हजार 677 नवीन जल संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही पूर्व निर्मित 30 हजार 849 जल स्त्रोतों में सामूहिक श्रम के माध्यम से मरम्मत एवं साफ सफाई की व्यवस्था की गई। ग्राम पंचायतों के माध्यम से जल भराव वाले स्थानों का चिन्हांकन कर नवीन जल स्त्रेतों का निर्माण किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों में 10 हजार वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। वन क्षेत्र में जल संरचनाओं के साथ मृदा एवं जल संरक्षण के कार्य अंतर्गत 03 लाख 88 हजार पौधरोपण किया गया। जिले में इस अभियान से प्रेरित होकर ग्रामीणों द्वारा स्वप्रेरणा एवं निजी राशि से 27 हजार से अधिक घरों में सोकपिट संरचना का निर्माण किया गया है। इसके अलावा जिले में 01 लाख 09 हजार 0273 स्टेगर्ड कंटूर टेंच का निर्माण किया गया है। जिले में कुल 140 अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। जिले में 01 हजार 944 सामुदायिक तालाब, 06 हजार 160 निजी डबरी/तालाब निर्माण किया गया है। जिले में 399 मिनी परकुलेशन टैंक, 06 हजार 614 लूज बोल्डर चौक डेम, 672 नदियों का पुनरूद्धार किया गया है। जिले में 69 स्टॉप डेम, 316 गेबियन चेक डेम, 423 कुंआ का निर्माण किया गया है। जिले में कुल 44 हजार 49 वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। उपरोक्त सभी कार्यों के फलस्वरूप भारत सरकार के सभी मानको के आकलन के आधार पर बालोद जिले को प्रथम स्थान अर्जित होने पर यह महत्वपूर्ण सौगात मिलने वाला है।

### नेवारीकला में भागवत महापुराण जारी

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में नवरात्रि पर सोनकर पारा दुर्गा मंच में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 23 सितंबर से जारी है, जिसका समापन 1 अक्टूबर को होगा। इसमें कथावाचक पं. खुमेश प्रसाद शर्मा है। कथा दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक चल रही है। इसमें 26 सितंबर को ध्रुव चरित्र, समुद्र मंथन की कथा होगा। 27 सितंबर को कृष्ण जन्म, दही लूट कथा। 28 सितंबर को रूखमणी विवाह। 29 सितंबर को सुदामा चरित्र। 30 सितंबर को परमधाम कथा, चढ़ौत्री कथा और 1 अक्टूबर को गीता, तुलसी वर्षा, ग्राम भ्रमण, समापन संपन्न होगा।

---

**विकास पर आधारित विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन**

## मड़ियाकट्टा स्कूल में रजत जयंती समारोह मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





विकासखण्ड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्रधान पाठक दयालु राम पिकेश्वर ने रजत जयंती के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य की 25 वर्ष की विकास यात्रा को जन-जन तक पहुँचाना, जनगौरव और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना तथा भविष्य के छत्तीसगढ़ निर्माण में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना ही इस समारोह का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण, पारंपरिक खेलों को बढ़ावा, वित्तीय साक्षरता तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कार्यक्रम के प्रमुख आयाम हैं। इस अवसर पर बच्चों और ग्रामीणों की सहभागिता से तिथिवार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता प्रदर्शनी , चित्रकला, पोस्टर, बैनर, निबंध लेखन, स्लोगन, वाद-विवाद प्रतियोगिता,एलुमनी बैठक (सन- 2000 के भूतपूर्व विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं संस्मरण), क्विज प्रतियोगिता (व्यावसायिक कौशल विकास, राज्य में शिक्षा के 25 वर्षों के बदलाव एवं नई शिक्षा नीति 2020 पर आधारित), इतिहास लेखन, शिक्षक दिवस समारोह तथा पुस्तक वाचन दिवस जैसी गतिविधियाँ शामिल रहीं।समारोह में शिक्षक दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य, गांधीराम बघेल, नारायण सिंह कोठारी, भूमिका मोवाड़े सहित विद्यालय परिवार और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ राज्यपाल पुरस्कार विजेता दयालु राम पिकेश्वर ने रजत जयंती के उद्देश्य पर किया प्रकाश

## खबर संक्षेप



### योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : प्राचार्य डॉ. चंदना बोस

**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय में दिनांक 22 से 24 सितम्बर तक 'तीन दिवसीय योग शिविर' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्रओं में स्वस्थ जीवनशैली अपनाना, शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करना तथा मानसिक संतुलन बनाए रखना था। शिविर के दौरान श्रडठ थ्यजदमे प्दकपं संस्था के योग विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को प्राणायाम, विभिन्न योगासन, ध्यान तथा तनाव प्रबंधन के प्रभावी उपायों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो हमें स्वास्थ्य, एकाग्रता, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है।

### मामूली दर वृद्धि के बावजूद आम जनता को दोगुना-तिगुना बिल का झटका : तोशण

**गुरूर।** भाजपा सरकार में आम जनता का जीवन दुभर हो गया है। लगातार हो रही विद्युत कटौती से आम जनता पहले ही परेशान है अब भाजपा सरकार विद्युत शुल्क में वृद्धि कर आम जनता की जेब में डाका डाल रही है। उक्त आरोप पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तोशण साहू ने लगाया है। तोशण साहू ने कहा भाजपा सरकार जन विरोध से बचने हमारी तात्कालीन भूपेश सरकार की हाफ बिजली योजनाओं को तो बंद नहीं कर सकी, लेकिन अब वह पीछे के रास्ते से वसुली कर रही है। भाजपा सरकार बिजली शुल्को में वृद्धि कर जनता को लूट रही है। तोशण साहू ने बताया भाजपा सरकार का दावा है कि दरों में मामुली वृद्धि का गई हैं। लेकिन भाजपा सरकार की मामूली वृद्धि पर आमजनता को दोगुना–तिगुना बिल आ रहा है। बिजली दरों में वृद्धि के कारण आम जनता का बजट बिगड़ गया हैं। तोशण साहू ने कहा हैं यह समय किसानों के लिए बहुत मुश्किलों भरा होता है, किसान अपनी कुल जमा पूंजी कृषि कार्य में लगा देता हैं, ऐसे में भारी भरकम बिजली बिल ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बन गया है।

### महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पर पौंधारोपण किया गया



**गुरूर।** भाजपा मंडल गुरुर के शक्ति केंद्र बोरतरा के अंतर्गत मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पर पौंधारोपण किया गया। जिसमें संयोजक गणेश्वरी खरेंद्र, सहसंयोजक दिनेश्वरी सिन्हा, फागु राम सिन्हा, मीडिया प्रभारी रितेश सेन बोरतरा सरपंच पूर्णिमा सिन्हा, महाविद्यालय प्राध्यापक मुरली कुमार सिन्हा, रामस्वरूप सिन्हा, हुमनलाल, नरेंद्र खोबरागड़े व रासेयो के समस्त स्वयं सेवक के एवं सभी प्राध्यापकगणों की उपस्थिति में पौंधारोपण किया गया।

## डौंडीलोहारा में दुर्गोत्सव की धूम



टिकरापारा दुर्गा उत्सव समिति डौंडीलोहारा



राजापारा दुर्गा उत्सव समिति डौंडीलोहारा



संजय नगर दुर्गा उत्सव समिति डौंडीलोहारा



मां दुर्गा सांस्कृतिक कला मंच बस स्टैंड रेंगाबरी



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति डौंडीलोहारा

### स्थानीय सामाजिक संस्थाओं ने ढालसिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

# ढालसिंह को 'यूथ चेंज मेकर' राष्ट्रीय अवॉर्ड और इंग्लैंड से वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस प्रमाणपत्र से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम धमना के युवक ढालसिंह साहू ने राष्ट्रीय अवॉर्ड प्राप्त करने नई दिल्ली पहुंचकर साबित कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांवों के मेहनतकश लगनशील दायित्व के प्रति समर्पित युवाओं के लिए अब दिल्ली दूर नहीं है। विदित हो कि ढाल सिंह साहू का दिल्ली के भारत मण्डपम हरियाणा के करनाल में यूथ चेंज मेकर राष्ट्रीय अवार्ड एवं इंग्लैंड से वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस स्ट्रीफिकेट से सम्मानित किया।

■ स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक कार्यों के लिए किया योगदान

### ढालसिंह ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ प्रदेश को किया गौरांवित

दुर्ग जिला के पाटन विकास खंड के ग्राम धमना निवासी ढाल सिंह ने एक बार फिर से पूरे प्रदेश का मान – सम्मान बढ़ाया है। सुप्रसिद्ध अखिल भारतीय संस्था निफा नेशनल इंटीग्रेट फोरम ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट द्वारा उनका चयन – यूथ चेंज मेकर अवॉर्ड के लिए किया गया, साथ ही उन्हें इंग्लैंड से वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। यह भव्य आयोजन प्रथम दिवस दिल्ली के भारत मंडपम में प्रारंभ हुआ फिर हरियाणा के करनाल में ढाल सिंह को सम्मानित किया गया इस आयोजन में भारत के सभी राज्यों से समाज सेवी शामिल हुए एवं छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से ढाल सिंह को भी आमंत्रित किए, कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण एवं पूर्व उद्योग मंत्री शशिपाल मेहता एवं करनाल के महापौर मति रेणु बाला गुप्ता एवं जापान, इंग्लैंड, और मॉरीशस के मुख्य अतिथियों के ढाल सिंह को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह न केवल ढाल सिंह के लिए बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ एवं दुर्ग जिला के लिए गर्व का विषय है।

स्वच्छता अभियान, पोषण कार्यक्रम, खेलकूद, योग, रक्तदान, शिक्षा, जल संरक्षण आदि कार्यों के लिए प्रेरित किया। मेरा युवा भारत दुर्ग के उप निर्देशक नितिन शर्मा, लेखापाल आरती मिश्रा, आशीष, मास्टर ट्रेनर जितेंद्र सोनी, आदित्य भारद्वाज, सरपंच लोकेश महलवार, खिलेद्र शिक्षक, खिलेश्वरी, डॉक्टर गुलाब साहू, मुकेश कुमार, उमेंद्र कुमार, गौरव, चंदन, मुकेश पटेल, भुवन लाल, प्रेमशंकर, वरिष्ठ सामाजिक पदाधिकारीगण एवं विभिन्न युवा मंडल के सदस्यगण मित्रगण आदि लोगों ने उज्जल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किए।



### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के आचार्य परिवार तथा बाल भारती एवं शिशु भारती के पदाधिकारी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र का विधिवत पूजन किया गया। प्रधानाचार्य फल देव साहू ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अपनाए गए रास्ते स्वराज,स्वभाषा, और स्वदेशी अपनाने के संबंध में भैया बहनों को जानकारी दी। आचार्य कामता प्रसाद साहू ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की हमें विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना होगा। इसके उपलक्ष्य में भैया बहनों तथा आचार्य परिवार को स्वदेशी अपनाने के लिए शपथ ग्रहण करवाया गया। भैया बहनों को विदेशी वस्तुओं को त्यागने,स्वदेशी अपनाने और बोलो वंदे मातरम का पामपलेट विद्यालय परिवार के द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य दीदी रंजना सिन्हा, चीतेश्वरी साहू, छबीलता पटेल, ईश्वरी ठाकुर, रेणुका सिन्हा एवं बाल भारती शिशु भारती के पदाधिकारीयो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# श्री शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस में शिवलिंग उत्पत्ति की कथा सुनाई



हरिभूमि न्यूज:जामगांव आर

गातापार में आयोजित श्री शिव महापुराण के तृतीय दिवस कथा में भगवताचार्य सौरभ महाराज ने बताया कि किस प्रकार शिवलिंग की उत्तपत्ति हुई जन मानस में शिव पूजन की विधि बताते हुए कहा महादेव इतने सरल है कि गुननिधि जैसे ब्राम्हण जो चोरी करने गया उसको धनाढ्य धन का अधिपति कुबेर बना दिये ऐसे सब पर कृपा करने वाले मेरे महादेव है हर कण कण में शिव विद्यमान हैं।

बताया गया कैसे शिव जी ने सृष्टि का विस्तार किया कैसे मनुष्य को बनाये हैं संसार को सुंदरता से बनाये पर व्यक्ति प्रकृति से खिलवाड़ करके अपने ही जीवन को अंत तक ले जा रहा महाराज जी कथा के माध्यम से बताये की पेड़ लगाए और प्रकृति का सम्मान करें



जीवन कि महत्त्व को समझे और सबसे नम्रता से प्रेम से सबका सम्मन करे बच्चो को शिक्षा के साथ ही संस्कार का विरासत अवश्य दे।

### इनकी सराहनीय उपस्थिति रही

सरपंच रेवाराम साहू, पूरण साहू, सरजू राम साहू, जसवंत साहू, कोमल साहू, डॉ. देवानंद साहू, श्याम साहू, रामखिलावन साहू, कृपाराम साहू, हींछाराम साहू, चंद्रहास साहू, मानसिंह साहू, बालाराम साहू, देवनारायण साहू, उत्तम साहू, दौआराम साहू, दिलीप साहू, चरण साहू उपस्थित थे।

# भारी बारिश और तूफान से धान की फसल को भारी नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बुधवार को दिनभर बारिश होने के चलते जनजीवन अस्त् व्यस्त हो गया तो वही खेत खलियान लबालब हो गए खेतों में लगे धान के फसल जमीन में गिर गए हैं जिसके चलते किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। आपको बता दे की क्षेत्र में अधिकांश किसान अलग–अलग किस्म के धन लगाए हैं जिसमें हरूना किस्म के धान की बालियां लगभग आ चुकी है जिसके चलते पौधों में अधिक भार होने के चलते अधिकांश धान के पौधे जमीन पर गिर गए हैं। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि एक ओर जहां माहू के प्रकोप से किसान परेशान है तो वही बारिश तूफान से फसल को नुकसान हो रहा है डोकला के किसान बंशी लाल यादव, ठेकवाडीह के किसान श्यामलाल साहू, चुलेंद्र साहू, सोहनलाल साहू, राजू साहू ने बताया कि इस वर्ष धान की फसलों में माहू का प्रकोप लगातार बढ़ते क्रम पर है जहां किसान 2 से 3 बार दवाई का सिंचाई कर चुके हैं इसके बावजूद भी माहू का प्रकोप कम नहीं हो रहा है जिसके चलते हम किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# भाजपा मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार 25 सितम्बर को एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मंडल कार्यालय में उपाध्याय जी के छायाचित्र में माल्यार्पण एवं उपाध्याय जी अमर रहे नारे के साथ धूमधाम से जयंती मनाई।

साथ ही साथ वरिष्ठ जनों के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जीवन पर आधारित कार्यों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पाण्डेय, मंडल महामंत्री राकेश सिंन्हा, महामंत्री यदीप साहू, सभापति जिला पंचायत तेजराम साहू, भाजयुमो जिला अध्यक्ष आदित्य पिपरे, जिला कार्यकारणी कमलदेव साहू, भाजयुमो नेता संजय साहू, मंडल कार्यकारणी सदस्य शैलेन्द्र सोरी, पूर्व मीडिया प्रभारी जागेश्वर साहू, पोखन साहू, अजय साहू, लखन साहू, गुलाब सेन, बिरेन्द्र सेन, तेज राम साहू सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### मोखा परिक्षेत्र के दुलारू साहू निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

**गुरूर।** 24 सितंबर को परिक्षेत्रिय स्तरीय मोखा परिक्षेत्र का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें निर्विरोध दुलारू राम साहू सोनाईडोंगरी को सर्वसम्मति से मोखा परिक्षेत्र अध्यक्ष मनोनीत किया गया। संरक्षक कौशल साहू, सेवक राम साहू, रामदयाल साहू की उपस्थिति में मनोनीत किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष मनीराम साहू मोखा, महिला उपाध्यक्ष सरस्वती साहू कन्हारपुरी, संगठन सचिव राजू साहू साल्हेभाट, महिला संगठन सचिव खेमलता गंजीर को नियुक्त किया गया। सदस्य गण गौकरण साहू, पुराणिक साहू, पूर्णोत्तम साहू, चंद्र प्रकाश गंजीर, भूपेश साहू, सरपंच तेजराम साहू, हरिश्चंद्र साहू एवं ग्रामीण प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर तहसील साहू संघ गुरुर से सचिव घनाराम जेठमल, कोषाध्यक्ष खेदूराम साहू ,मिथलेश साहू उपस्थित थे।

# ठेठवार समाज ने किया मंत्री गजेंद्र का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला ठेठवार यादव समाज संजारीराज, बालोदराज, डौंडीलोहारा राज एवं गुंडरदेही राज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव के अभिनंदन एवं सम्मान समारोह ने समाजबंधुओं के हृदयों में उल्लास और आनंद का अनुपम वातावरण उत्पन्न कर दिया।

बालोद जिला ठेठवार संगठन के अध्यक्ष उत्तम यादव ने स्वागत भाषण देते हुए समाज की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए छात्रवास भवन की आवश्यकता पर जोर दिया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि भविष्य में सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों में शासन–प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि वे समाज को शासन की लाभकारी योजनाओं की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान कर सकें। इसके अतिरिक्त उन्होंने व्यवसाय, गाय–डेयरी पालन और कृषि से जुड़ी आधुनिक तकनीकों को अपनाने का मार्गदर्शन भी समाज के युवाओं को दिया। समाज की मांग पर मंत्री ने ठेठवार समाज के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। उन्होंने



जिला बालोद में छात्रवास निर्माण हेतु 50 लाख रुपए, ठेठवार समाज के भूमिपूजन अवसर पर 20 लाख रुपए, एवं बालोदराज के गंजपारा स्थित भवन में डोम शेड निर्माण हेतु 20 लाख रुपए प्रदान करने का आश्वासन दिया। विशेष ससम्मान, ठेठवार समाज बालोदराज की ओर से अध्यक्ष बालोदराज ताम्रध्वज यादव राज, महासचिव एलेंद्र यादव और कोषाध्यक्ष हेमंत यादव ने मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया, इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष बालोद चेमन देशमुख, पूर्व प्रदेश मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश यादव, भाजपा महामंत्री बालोद राकेश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता अर्जुंदा नरेश यादव, सदस्य जिला पंचायत कांति सोनबरसा, अध्यक्ष जिला पंचायत तारिणी चंद्राकर, पूर्व सदस्य जिला पंचायत पुष्पेंद्र चंद्राकर सहित अन्य गणमान्य समाजबंधु उपस्थित थे। साथ ही समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जैसे मोहनलाल यादव, हीरालाल यादव, डॉ. सुरेन्द्र यदु, छगनलाल यादव, महासचिव देवेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव, जनपद सदस्य तारादेवी यादव, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुंडरदेही नीतीश 'मोंटी' यादव, सरपंच नृपेंद्र यादव, नरेंद्र प्रसाद यादव, केशव यादव, तालूराम, जगदीश यादव, महेश्वर यादव, राजू लाल, अश्वनी, आदेश्वर यादव, लखन लाल, कांतिलाल, मोहनलाल बर्रापारा, अरुण यादव, रामेश्वर बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समक्षः– श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय बालोद, तह. बालोद, जिला बालोद, छ.ग.

**-::- शपथ पत्र -::-**

श्रीमती चन्द्रिका साहू धर्मपत्नी श्री जीवन राम साहू, जाति तेली निवासी ग्राम पो. जगन्नाथपुर. तह. एवं जिला बालोद छ.ग.

मैं श्रीमती चन्द्रिका साहू शपथकर्ता निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करती हूं :-

1. यह कि पूर्व में मैं अपने पिता के संरक्षण में पली बढ़ी एवं विद्याध्ययन प्राप्त की हूं, तद्नुसार मेरे समस्त शैक्षणिक अभिलेखों में मेरा नाम कु. देवकी बाई पिता बिहारी लाल अंकित है।
2. यह कि चूंकि मेरी विवाह समाजिक रीति रिवाज के अनुसार स्व. श्री जीवन राम साहू पिता मयाराम के साथ वर्ष 2000 में थी, जहां कि मेरे ससुराल वालों ने मेरा नाम परिवर्तित कर देवकीबाई के स्थान पर चन्द्रिका साहू किये थे जिसके अनुसार अब मैं कु. देवकी बाई आत्मजा श्री बिहारीलाल से श्रीमती चन्द्रिका साहू धर्मपत्नी स्व. श्री जीवन राम साहू हो गई हूं।
3. यह कि कु. देवकीबाई आत्मजा श्री बिहारीलाल एवं श्रीमती चन्द्रिका साहू धर्मपत्नी स्व. श्री जीवन राम साहू मेरी एक ही महिला के नाम हैं, एवं अब मैं श्रीमती चन्द्रिका साहू धर्मपत्नी स्व. श्री जीवन राम साहू के नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूं।
4. यह कि मुझे विभिन्न प्रयोजनार्थ हेतु अपना नाम कु. देवकीबाई आत्मजा श्री बिहारीलाल के स्थान पर श्रीमती चन्द्रिका साहू धर्मपत्नी स्व. श्री जीवन राम साहू अंकित करवाने हेतु प्रस्तुत करने के लिये इस शपथपत्र की आवश्यकता है। अस्तु शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**-: सत्यापन :-**

मैं श्रीमती चन्द्रिका साहू एतद् द्वारा सत्यनिष्ठा से अभिपुष्टि करती हूं कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्र. 1 से 4 में अभिलिखित कथन मेरी निजी ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक 24.06.2024 को मुकाम बालोद में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

चंद्रिका साहू
शपथकर्ता

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

**फार्म -अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम- 6 देखिये)**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक हर्ष हिरवानी आ. श्री विलटन हिरवानी जाति ईसाई, उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम व पो बालोदगहन, थाना व तह गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका सलमा मंडावी आ. श्री रामप्रसाद मंडावी, जाति गोड़, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम व पो मारवाड़ी तह. नरहरपुर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरुद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 13/10/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 15/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
अगामी तिथि 13/10/2025

मुहर

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**

# पुलिस अधीक्षक ने सहायक उपनिरीक्षकों की पदोन्नत पर लगाए दो स्टार



**बालोद।** पुलिस कार्यालय बालोद में पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षिका द्वारा सहायक उपनिरीक्षकों को पदोन्नति पर दो स्टार लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मिठाई खिलाकर पदोन्नत अधिकारियों को शुभकामनाएँ दी गईं। सहायक उपनिरीक्षक बीजू डेनियल एवं सहायक उपनिरीक्षक लेखराम साहू को पदोन्नति का गौरव प्राप्त हुआ। वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन तथा आम जनता की सेवा भावना को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु प्रोत्साहित किया, पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पुलिस संगठन के प्रति और अधिक निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करेंगे।

इस दौरान डीएसपी मुख्यालय देवांश सिंह राठौर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी–कर्मचारी भी उपस्थित रहे तथा सभी ने पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों के प्रति हर्श व्यक्त की।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### राजीव लोचन कॉलेज में मनाया 10वां आयुर्वेद दिवस

**अंडा।** राजीव लोचन आयुर्वेद महाविद्यालय चंदखुरी दुर्ग में विगत दिनों को 10वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सुबह धन्वंतरि पुजन, योगा एवं मेडिटेशन सेशन हुए। आयुर्वेद आहार स्पर्धा तथा पोस्टर स्पर्धा, विभिन्न आयुर्वेद विषय पर क्वीज का भी आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं द्वारा आयुर्वेद संदर्भित रोल प्ले भी किया गया। महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा अपने चिकित्सकीय अनुभव साझा किये गये। महाविद्यालय की प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा साहु तथा प्राचार्या डॉ. वंदना फटिंग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किये गये। प्राचार्या ने अपने संबोधन में आयुर्वेद में रिसर्च की आवश्यकता तथा आयुर्वेद के समग्र दृष्टिकोण पर अपने विचार रखे। प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा साहु ने आयुर्वेद को जन जन तक पहुंचाने हेतु प्रयास करने तथा महाविद्यालय के छात्रों को विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### स्वच्छता और नशामुक्ति पर निकाली जागरूकता रैली



**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में स्वच्छता समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के महत्व के प्रति आमजन को जागरूक कर नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर बी.एससी. बी.एड. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने नशा उन्मूलन एवं स्वच्छता संदेश पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित नागरिकों ने सराहा। विद्यार्थियों ने अपने प्रस्तुतीकरण से यह स्पष्ट किया कि स्वच्छ और नशामुक्त समाज ही स्वस्थ एवं प्रगतिशील राष्ट्र की नींव है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। रैली के माध्यम से नागरिकों में स्वच्छता और नशामुक्ति के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।

### परिक्षेत्र साहू संघ के हरदेव सार्वा बने दूसरी बार अध्यक्ष


**बालोद।** परिक्षेत्र साहू संघ माहुद (बी) का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे ग्राम हल्दी निवासी हरदेव लाल सार्वा को दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया। वही पुरुष उपाध्यक्ष पद में शशि साहू भी दूसरी बार मनोनीत किए गए, महिला उपाध्यक्ष में ललिता देवी साहू, महिला संगठन सचिव में पदमा साहू पुरुष संगठन सचिव में संतराम साहू को मनोनीत किया गया, चुनाव अधिकारी के रूप में तहसील साहू संघ के दिलीप कुल्हारे, भानुमती साहू, नोहर साहू, दोषण साहू, ज्ञानेश्वर साहू ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी एवं हमेशा समाज सेवा में अग्रसर रहने के लिए आग्रह भी किया। वही दूसरी बार परिक्षेत्रीय साहू समाज की कमान पाने वाले हरदेव लाल सार्वा ने सभी 18 ग्रामीण पदाधिकारियों और निर्वाचन अधिकारीयों का आभार किया और हमेशा समाज सेवा में आगे बढ़कर काम करने की बात कही।

## डौंडीलोहारा में दुर्गोत्सव की धूम


नवदुर्गा उत्सव समिति सहगांव


नवयुवक मां सरस्वती उत्सव समिति सेमरडीह


किल्लेकोडा में स्थापित दुर्गा मैय्या


रामनगर दुर्गा उत्सव समीति डौंडीलोहारा


मां सरस्वती उत्सव समिति ग्राम रेंघई

**जयंती**

# बेलोदी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई गई

कार्यकर्ताओं को दीनदयाल उपाध्याय के बारे में दी गई जानकारी





हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा

सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के तहत 25 सितंबर दिन गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जयंती बूथ नंबर 278 ग्राम बेलोदी में मनाया गया। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व विधायक गुंडरदेही वीरेंद्र साहू, जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ रोहित साहू, बूथ अध्यक्ष प्रेम सुख साहू, मंडल महामंत्री आशीष साहू साथ मे खिलानन्द हिरवानी, दीनदयाल साहू, डीलेश साहू, महेश साहू, हेमलाल पुजारी, चुम्मन चोवा, जनभागीदारी अध्यक्ष श्याम लाल मंडावी अन्य गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए। पं दीनदयाल उपाध्याय के बारे सम्पूर्ण जानकारी वीरेंद्र साहू ने अपने उदबोधन में दिया गया।

### भाजपा मंडल में मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**गुण्डरदेही।** भाजपा मंडल सिकोसा के अंतर्गत शक्ति केन्द्र चारभाठा के खपरी ब में पं दीनदयाल उपाध्याय जी की 108 वी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रभारी कमलनारायण साहू, बुथ अध्यक्ष प्यारेलाल, खोमनलाल, छन्नू लाल, गैंदालाल, नरोत्तम व अन्य लोग उपस्थित थे।

### उपाध्याय के जन्म दिवस पर हुआ रक्तदान शिविर

**बालोद/सिकोसा।** सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आज 25 सितंबर दिन गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर रक्तदान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुंडरदेही में किया गया। जिसमें सिकोसा के मंडल अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा के द्वारा रक्तदान किया गया साथ में उपस्थित जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ रोहित साहू, युवा मोर्चा कार्य समिति सदस्य पंकज चौधरी एवं मंडल महामंत्री आशीष साहू उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर आयोजित



**बालोद/कलंगपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन ने जारी राष्ट्रव्यापी सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुण्डरदेही में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन सेवा पखवाड़ा के तहत मानव सेवा और सामाजिक योगदान का एक प्रेरणादायक उदाहरण बना। शिविर में गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सबकी भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। रक्तदान में ग्राम पंचायत रजोली के सरपंच त्रयोदश मुकेश और दयाराम सिन्हा ने मुख्य रूप से रक्तदान में हिस्सा लिया तथा जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने रक्तदान के लिए दूसरों को प्रेरित किया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी चिकित्सीय नियमों का पालन करते हुए रक्त संग्रहण किया। इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने नियमित रूप से रक्तदान



करने का संकल्प लिया। जी पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने रक्तदान और कन्यादान को संसार के सर्वोपरि दान बताते हुए कहा कि रक्तदान के माध्यम से हम दूसरों को नई जिंदगी दे सकते हैं। वहीं कन्यादान से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। उन्होंने इस पुण्य कार्य की सराहना की।

## ग्राम मोहारा, जेवरतला, भोथली और कोसागोदी में नवरात्रि की धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुरूर

क्वांर नवरात्रि के महापर्व पर ग्राम मोहारा, जेवरतला, भोथली और कोसागोदी में विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू थे। अध्यक्षता सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने किया।

विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा तेश्वरी नेताम सरपंच ग्राम पंचायत जेवरतला लिलेश्वरी, सरपंच ग्राम पंचायत भोथली चुन्नी महेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कोसागोदी तुलसी साहू, उप सरपंच दिनेश्वर सिन्हा, उपसरपंच ग्राम पंचायत कोसागोदी उप-सरपंच भोथली लू प्रभा साहू, उपसरपंच जेवरतला डोमेन्द्र, अशोक, कैलाश, दीप रेखा, राम साहू, गजेंद्र मदनलाल एवं सभी ग्राम के ग्राम पंचायत के पंचगण एवं वरिष्ठ जन के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। सबसे पहले मां दुर्गा की पूजा आराधना किया गया, मुख्य अतिथि लक्ष्मी साहू ने कहा अपने-अपने बच्चों को धार्मिक कार्यक्रम दिखाने के लिए साथ में अवश्य लाएं ताकि उसकी मन पूजा पाठ में लगा रहे व भारत की धार्मिक, परंपरा, संस्कृति से अवगत हो सके।

अध्यक्षता कर रहे डॉ गंजीर ने कहा नवरात्रि की द्वितीय दिवस पर ब्रह्मचारिणी देवी का पूजा आराधना किया जाता है और जप तप ध्यान साधना करने से मन में शांति मिलती है, परिवार सुख में व्यतीत करता है और शरीर स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर बोधराय हिरवानी, केशव रामधनकर, तोमनलाल बनपेला, रमेश कुमार सिन्हा, कामता हिरवानी, तुलाराम साहू, राजेंद्र कुमार साहू, नीलकंठ साहू सभी ग्रामों की वरिष्ठ जन उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन रमेश कुमार सिन्हा ने किया और आभार ग्राम विकास समिति अध्यक्ष केशव राम धनकर ने किया।

## विधायक चंद्राकर ने कुर्मी समाज के नव पदाधिकारियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंडा



ग्राम कुथरेल स्थित चंद्राकर भवन में चंद्राकर समाज के नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के सम्मान समारोह में सम्मिलित दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष अश्वनी चंद्राकर, बसंत चंद्राकर एवं गजेंद्र चंद्राकर सम्मिलित हुआ और समाज के वरिष्ठजनों और नवचयनित पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, केंद्रीय महासचिव कुंदन चंद्राकर, केंद्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, केंद्रीय प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश चंद्राकर एवं केंद्रीय महिला प्रतिनिधि नीता चंद्राकर का विशेष रूप से सम्मान किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए विश्वास व्यक्त किया गया कि उनका कार्यकाल समाज की प्रगति, संगठन की मजबूती और सामाजिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष राजनांदगांव प्रतिमा चंद्राकर, जनपद सदस्य लोमस चंद्राकर, अजीत चंद्राकर, पूर्णिमा चंद्राकर, वरिष्ठ सामाजिक अध्यक्ष चेतन चंद्राकर, रोहित चंद्राकर, डॉ. तामेश्वर चंद्राकर, नागेंद्र चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, पुकेश चंद्राकर, अनूप चंद्राकर एवं त्रेता चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में समाजजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## स्कूल की समस्याओं को लेकर मोहारा के ग्रामीणों ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुरूर

ग्राम मोहारा के ग्रामीणों ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से सौजन्य मुलाकात कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा के समस्याओं से अवगत कराया।

- स्कूल की समस्याओं से अवगत कराया

अध्यक्ष शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा एवं सभापति संचार संकर्म एवं निर्माण समिति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा विद्यालय 2006 से संचालित है, अभी तक हायर सेकेंडरी स्कूल भवन प्रदान नहीं हुआ है, मंत्री से हायर सेकेंडरी भवन प्रदान करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा हमारे पास 5 एकड़ का जमीन है लेकिन वहां पर व्यवस्थित खेल मैदान नहीं है। इसलिए हमारे स्कूल में खेल मैदान समतलीकरण करने के लिए राशि स्वीकृत करने की -पा करेंगे और विद्यालय में राजनीति शास्त्र विषय की व्याख्याता और वाणिज्य विषय के व्याख्याता का पद अभी तक रिक्त है तथा विद्यालय की समस्या को देखते हुए शिक्षक प्रदान करने की कृपा करेंगे। इस अवसर पर संयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला बालोद रोहित कुमार साहू, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा बोधराय हिरवानी, बूथ अध्यक्ष मोहारा धर्मेंद्र तेल्यासी, सदस्य शासकीय माध्यमिक विद्यालय मोहारा गणपत राम साहू उपस्थित थे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती मनाई

**गुण्डरदेही।** जनपद पंचायत गुण्डरदेही के सामने स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर गुरुवार को उनकी 108वीं जन्म जयंती मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को याद किया। माल्यार्पण के पश्चात, भारतीय जनता पाटएँ कार्यालय गुण्डरदेही में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला और उनके प्रेरणादायक जीवन दर्शन को याद किया।

साथ ही श्सेवा पखवाड़ाश के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को जन्म जयंती पर नमन करते हुए कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन हमें देश और समाज की सेवा करने की प्रेरणा देता है। उनका अंत्योदय का विचार हमें बताता है कि हमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम मे अश्विनी यादव, मंडल अध्यक्ष



युवराज मारकंडे, मंडल उपाध्यक्ष हरीश निषाद महामंत्री शैल महोबिया, विनोद चंद्राकर,सौरभ चोपड़ा, कोमल सोनकर, पार्षद संतोष नेताम, शंकर यादव, रोमलाल यादव, छगन सोनकर, चेतन सोनकर, अशोक महोबिया, मनोज बिंझेकर, भूषण साहू, दयाराम सिन्हा, रवि देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।

## 'स्वच्छता ही सेवा'अभियान के तहत किया श्रमदान



**गुण्डरदेही।** स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत ग्राम पंचायत ओटेबंद के मंदिर परिसर में गुरुवार को एक दिन एक घंटा एक जगह श्रमदान किया गया। जिसमें जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर ओटेबंद मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू, अति मुकापा अधिकारी महेंद्र जांगड़े, बीपीएम संत राम हिड़को, ब्लॉक समन्वयक दीनबंधु देशमुख, संकुल समन्वयक विरेंद्र कुमार निषाद, सरपंच जीवन लाल साहू, सरपंच सिरसिदा सरस्वती चन्द्राकर, सरपंच डौकीडीह लक्ष्मी ठाकुर, सचिव गोरकापार छत्रपाल चन्द्राकर, ओटेबंद राधेचरण यादव, सिरसिदा मोतीलाल साहू, डौकीडीह नकुल सोनकर, रोजगार सहायक, पंच स्वच्छताग्राही, बिहान समुह, ग्रामीण एवं अन्य गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



गंजेपन का ईलाज
अत्याधुनिक तकनीक व्दारा केश प्रत्यारोपण
FUT एवं FUE तकनीक व्दारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411



स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
13 नवंबर 2025
18 दिसंबर 2025
11 जनवरी 2026
मकर संक्रांति स्नान
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)